कार्यालय नगर निगम, जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर–15)

जयपुर 17 मार्च। नगर निगम ने ठाठर योजना आमेर में 5 भूखण्डों से अतिक्रमण हटाया गया।

आयुक्त श्री आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने बताया कि ठाठर योजना आमेर में 5 प्लॉटों 7 ए, 8 ए, 8 सी, 51 बी और 52 बी जो लगभग 3 करोड़ रूपये के है। इन पर लम्बे समय से हो रहे अतिक्रमण को आज नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने हटाया। सभी प्लॉटों पर अतिक्रमणकारियों ने चारदीवारी बनाकर कमरो का निर्माण कर रखा था। निगम के सतर्कता दस्ते ने सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया।

श्री पेडणेकर ने बताया कि आज जिन प्लॉटों से अतिक्रमण हटाया गया है वहां पर वायर फेसिंग ओर मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है।